Title: Demand of Border Security Forces at Madhubani and other districts of Bihar (North) connected with Nepal Border to control the criminal acitivities of Nepalese.

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : मैं बिहार राज्य के मधुबनी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं जो कि नेपाल की सीमा के पास है। हर सीमावर्ती क्षेत्र की अपनी कुछ समस्याएं होती हैं। हमारी समस्या यह है कि नेपाल के जो क्रिमनल्स हैं, अपराधकर्मी हैं, वे भारत के बार्डर एरिया में आकर अपराध करते हैं। सबसे दुखद बात तो यह है कि नेपाल के अपराधियों को वहां की सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उनसे कहा जाता है कि नेपाल में क्राइम न करके तुम भारत में जाकर क्राइम करो। इसलिए चोरी, डकैती, अपहरण और बलात्कार की घटनाएं भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रही हैं। मैं जानता हूं कि कानून और व्यवस्था राज्य सरकार का मामला है।

14.00 hrs.

लेकिन जो सीमावर्ती क्षेत्र है, वहां जो लोग सीमा पार से आकर आपराधिक गतिविधियां करते हैं, उसकी जिम्मेदारी केवल राज्य सरकार पर न डाली जाए। मधुबनी जिले में और उत्तरी बिहार के जो जिले नेपाल के बॉर्डर से लगे हैं, वहां सीमा सुरक्षा बल की व्यवस्था अपराध को रोकने के लिए की जाए। यही मेरी मांग है।